a

**सेंट थॉमस स्कूल, सहिबाबाद**
**अभ्यास पत्र 2023-24**
**विषय-हिंदी कक्षा:चतुर्थ**

**समय: 3 घंटे** **प्राप्तांक:-**
**पूर्णांक : 80**

**नाम ................................ विभाग ................. रोल न० ............. दिनांक .....................**

**खण्ड क**

**प्र. 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **5**

एक राजा था उसका मंत्री बहुत बुद्धिमान था | राजा उसकी बहुत प्रशंसा करता था | सभी दरबारी उससे ईर्ष्या करते थे | एक बार दरबारियों ने उसकी बुद्धि की परीक्षा लेने की योजना बनाई |उन्होंने सोने के दो एक जैसे बर्तन जंजीर से बांधकर छत से लटका दिए| और मंत्री से कहा कि वह दोनों बर्तनों को बिना छुए बताएं कि कौन सा बर्तन खाली है, और कौन- सा बर्तन भरा हुआ है मंत्री बोला महाराज दाएं ओर वाला बर्तन भरा है और बाईं ओर वाला खाली है | यह सुनकर राजा और उसके दरबारी हैरान रह गए और उससे पूछा कि तुमने इतनी जल्दी बर्तन छुए बिना सही उत्तर कैसे दिया ? मंत्री ने तर्क सहित उत्तर देते हुए कहा महाराज मैंने देखा भारी बर्तन की जंजीर भारी होने के कारण सीधी है, जबकि खाली बर्तन होने के कारण वे धीरे-धीरे हिल रहा था इस प्रकार मैंने दूर से देखकर ही पहचान लिया राजा ने प्रसन्न होकर कहा मैं जानता था कि केवल तुम ही सही उत्तर दे सकते हो |

(क) सोने के एक जैसे दो बर्तन कहाँ लटका दिए ?
1.खिड़की से 2.दरवाजे से 3.छत से 4.पंखे से

(ख) भारी बर्तन की जंजीर भारी होने के करण कैसी थी ?
1.सीधी 2.ढीली 3. टेढ़ी 4.सख्त

(ग) मैं जानता था कि केवल तुम ही सही उत्तर दे सकते हो "मैं" शब्द किसके लिए आया है ?

1.मंत्री के लिए 2.दरबारी के लिए 3. राजा के लिए 4.बुद्धिमान मंत्री के लिए

(घ) बुद्धि की परीक्षा किसकी थी ?
1.राजा की 2.प्रजा की 3. दरबारी की 4. बुद्धिमान मंत्री की

(ड) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए |.
1.चालाक मंत्री 2. मूर्ख मंत्री 3. बुद्धिमान मंत्री 4.बफादार मंत्री

**प्र.2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए|** **5**

जीवन में आगे बढ़ना तो

सीखो नदी – पहाड़ों से |

अपने निर्णय पर अटल,

सदा खड़ा है पर्वत राज |

हवा अँधियाँ तूफ़ा आए,

कभी न हिलता उसका ताज

सीखो नदी – पहाड़ों से **|**

सर्दी गर्मी धूप और वर्षा
रुकते नहीं ये आंधी से |
कल – कल करती नदियाँ बहती
सब को खुशियाँ देती है |
कोई कूड़ा डाले तो भी वह
कुछ भी ना कहती है |
अपने निर्णय पर अटल,
सदा खड़ा है पर्वत राज |
हवा अँधियाँ तूफ़ा आए
कभी न हिलता उसका ताज

(क) आगे बढ़ने के लिए हमें किससे शिक्षा लेने के लिए कहा गया है ?
नदी पहाड़ो से    आसमान से    पेड़ों से    तूफान से

उत्तर ______________________________

(ख) 'धूप' का विलोम शब्द है ?
वर्षा    छाँव    गर्मी    शाम

उत्तर ______________________________

(ग) पर्वत राज से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?
परेशनियों में खड़े रहना    हिम्मत न हारना    हर परिस्थिति का सामना करना    ये सभी

उत्तर

(घ) खुशियाँ कौन देता है ?
पर्वत    नदी    झरने    आसमान

उत्तर ______________________________

(ड) पद्यांश का उचित शीर्षक लिखें |
शिक्षा    प्रदूषण    प्राकृतिक से सीख    पर्यावरण

उत्तर ______________________________

## खण्ड ख (व्यवहारिक व्याकरण) **20**

प्रश्न 3 आसमान ----------- ---------- बगीचा --------- -------- ( दो दो पर्यायवाची शब्द लिखें ) **4**

सौभाग्य ----------- खरीदना ----------- ( विलोम शब्द लिखें ) **2**

जल में रहने वाले ----------- थल में रहने वाले ------------ (वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखें) **2**

बोली ---------- गाय --------- ( वचन बदलें) **2**

छात्र ----------- ऊंट --------- ( लिंग बदलकर लिखें ) **2**

पोधा ----------- पेसा ---------- ( शब्दों को शुद्ध करें) **2**

खजूर का पेड़ ऊँचा होता है ------- शेर बलवान पशु है --------- (विशेषण चुनकर लिखें) **2**

प्र. 4 **सही व गलत के निशान लगाइए-** **4**

1. भाषा के तीन रूप होते हैं | ( )
2. क्रिया के दो भेद होते हैं | ( )
3. हिंदी भाषा की लिपि देवनागरी है| ( )
4. वाचन दो प्रकार के होते हैं| ( )

**( खण्ड ग )**

प्र.5 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **5**

1 बच्चा जीजी से कौन -सा खेल खेलने का आग्रह करता है ?

उत्तर ________________________________________

2 बालक के अनुसार मूर्ख लोग कौन होते हैं ?

उत्तर ________________________________________

3 अभिषेक ने खिलौने खरीदने से क्यों मना कर दिया ?

उत्तर ________________________________________

4 कौन से पक्षी किसान की मदद करते हैं ?

उत्तर ________________________________________

5 आदिवासी स्त्रियाँ चूड़ियों से अपनी सुंदरता कैसे बढ़ाती हैं ?

उत्तर ________________________________________

**प्र.6** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए** - **8**

(क) राजस्थान की चूड़ियों की क्या विशेषता है ?

उत्तर ________________________________________

________________________________________

________________________________________

(ख) बगुलों को चालाक क्यों माना गया जाता है ?

उत्तर ________________________________________

________________________________________

________________________________________

(ग) अभिषेक में क्या किसी गुण की कमी थी ?

उत्तर ________________________________________

________________________________________

________________________________________

(घ) बालक के पूछने पर की बुद्धि क्या खाती है ?मंत्री ने क्या कहा ?

उत्तर

**प्र.7** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार पूर्वक लिखिए -** **12**

1 अभिषेक के हाथ में खिलौना देखकर चाचा ने क्या किया ?

उत्तर

2 समय पर उचित बात न करने का क्या परिणाम निकलता है ?

उत्तर

3 जीजी को अपने लिए कपड़ों का प्रबंध कैसे करना था ?

उत्तर

4 अभिषेक ने खिलौने वाली को यह क्यों कहा कि तुम्हारी ममता ही मेरी सफलता का रहस्य है ?

उत्तर

**प्र.8** **किसी एक प्रश्न का उत्तर विस्तार पूर्वक दीजिए –** **5**

राजस्थान की चूड़ियों की क्या विशेषता है?

अथवा

क्या पक्षी अपना इलाज खुद कर सकते हैं ?

उत्तर

**प्र.9** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **5**

चाची आई मुझे खोजते हुए?" "नहीं चाची! मैं मुफ्त में कुछ नहीं लूँगा।" अब मैं मिट्टी के सिपाही से नहीं खेलूँगा। मैं खुद असली सिपाही बनूँगा। खूब नाम और पैसा कमाऊँगा। भगवान तुम्हारी इच्छा जरूरी पूरी करेगा।"-चाची ने प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरा और मिट्टी का सिपाही उसके हाथ में थमा दिया। खिलौनेवाली की आँखें छलछला आई, "क्या माँ अपने बच्चे को कुछ नहीं दे सकती| इसी समय उसे खोजती उसकी चाची वहाँ आ गई। अभिषेक के हाथ में खिलौना देख उसका पारा चढ़ गया। उसने अभिषेक से खिलौना छीनकर जमीन पर पटक दिया। अभिषेक को लगा जैसे किसी ने उसकी छाती पर मुक्का दे, मारा हो। फिर कई दिन और कई महीने बीत गए। खिलौनेवाली उस कस्बे में नहीं आई|

इस घटना को लगभग पंद्रह वर्ष बीत गए। एक दिन एक फ़ौजी कस्बे के एक जर्जर मकान की सांकल खटखटाता दिखाई दिया।

1 मैं मुफ्त में कुछ नहीं लूँगा। किसने कहा ?

उत्तर ____________________

2 मिट्टी का सिपाही किसने हाथ में थमा दिया ?
उत्तर ____________________

3 खिलौनेवाली उस कस्बे में क्यों नहीं आई ?
उत्तर ____________________

4 फ़ौजी कौन बन गया ?
उत्तर ____________________

5 उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?
उत्तर ____________________

**प्र.10 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-** **5**

सभा -सभा का खेल आज हम खेलेंगे जीजी आओ |
मैं गांधी जी छोटे नेहरू तुम सरोजिनी बन जाओ |
मेरा तो सब काम लंगोटी गमछे से चल जाएगा|
छोटे भी कदर का कुर्ता पेटी से ले आएगा|
लेकिन जीजी तुम्हें चाहिए एक बहुत बढ़िया साड़ी
वह तुम माँ से ही लेना आज सभा होगी भारी|

1 बच्चे कौन सा खेल खेलेंगे ?
उत्तर ____________________

2 छोटे ने क्या पहना था ?
उत्तर ____________________

3 साड़ी किसने पहनी ?
उत्तर ____________________

4 जीजी ने साड़ी किस मांगी ?

उत्तर ____________________

5 कविता का नाम लिखें।
उत्तर ____________________

## खण्ड घ (पत्र-अनुच्छेद) **5**

**प्र.11** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए -
बीमारी के कारण दो दिन के अवकाश के लिए प्रधानाचार्य जी को प्रार्थना-पत्र लिखिए-
या
कक्षा में प्रथम आने पर चाचा जी को पत्र लिखिए-

-----------------------------------------------------------------------------------------------
-----------------------------------------------------------------------------------------------

---

**प्र.12** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए- **5**

बाल मजदूरी (अथवा) राष्ट्रीय पक्षी मोर

उत्तर